हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 15 जनवरी 2026

04 रुपए दोगुने करने वाली कंपनी सरगना के अलावा...




07 फुटबॉल बना अजाक थाना प्रभारी का पद, पांच दिन में...






## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का सागर में आगमन आज

**सागर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल 15 जनवरी को सागर प्रवास पर आ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री शुक्ल बीना में आयोजित हो रहे ऐरण महोत्सव में शामिल होंगे वे 15 जनवरी को दोपहर 2 बजे भोपाल से प्रस्थान होकर शाम 5 बजे बीना पहुंचेंगे एवं ऐरण महोत्सव में शामिल होने के पश्चात शाम 7 बजे ऐरण (बीना) से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगें।

### गणतंत्र दिवस पर समारोह में सांची पेड़ा का होगा वितरण

**सागर।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने 26 जनवरी राष्ट्रीय त्यौहार पर्व पर आयोजित समारोह में जिला अंतर्गत संचालित सभी शासकीय विद्यालयों/ कार्यालयों में म.प्र. शासन के सहकारी उपक्रम बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सागर द्वारा निर्मित सांची पेड़ा के वितरण करने के निर्देश संभाग के सभी कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला शिक्षा अधिकारी, आयुक्त नगर निगम / मुख्य नगर पालिका अधिकारी/ नगर परिषद् अधिकारी, शासकीय/ अर्द्ध शासकीय / प्राइवेट, शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक संस्थाओं को दिए।

### छावनी परिषद् कैंट सागर की बैठक हुई

**सागर।** छावनी अधिनियम 2006 की धारा 39 के अंतर्गत प्रमुख 12 बिंदुओं पर छावनी परिषद् कैंट सागर की साधारण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर ब्रिगेडियर करन सिंह एस.एम अध्यक्ष, मुख्य अधिशासी अधिकारी मनीषा जाट, छावनी नामित सदस्य प्रभुदयाल कुशवाहा, कार्यालय अधी. संदीप छाबड़ा, सब इंजीनियर मिलेंद्र सिंह उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख रूप से निम्न विषयों को लेकर चर्चा हुई। नवंबर दिसंबर 2025 का लेखा-जोखा पारित हुआ, 35 वर्ष की निरंतर सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को समयमान वेतनमान की स्थापना अनुदान की स्वीकृति की स्वीकृति प्रदान गई। डीएनसीबी स्कूल का भवन मरम्मत संबंधी आर्बिट्रेशन प्रकरण पर भी विचार हुआ। केंट शॉपिंग मॉल की 6 दुकानों का हस्तांतरण की कार्रवाई हुई। बैठक में अनुकंपा नियुक्तियों पर भी विचार विमर्श हुआ। वीर सावरकर प्राथमिक शाला में प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति पर भी विचार हुआ। गणतंत्र दिवस 2026 के समारोह को भव्य बनाने हेतु कमेटी का गठन किया गया। अमृत 2.0 के तहत सीवरेज परियोजना की निविदा को पीएमसी को ईमेल सूचित ईमेल के माध्यम से सूचित करने पर विचार हुआ। शास. उच्च. माध्य. विद्या. पुरानी सदर में सांसद निधि से बनने वाले टीन सेट की अनुमति की स्वीकृति प्रदान की गई। आबादी के आधार पर पानी के दो टैंकरो की मांग क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से की जावेगी।

### परीक्षा तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक आज

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में 15 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे रवीन्द्र भवन, सागर में परीक्षा की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिले के समस्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं हाईस्कूल के प्राचार्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में वर्तमान शैक्षणिक सत्र में परीक्षा परिणामों में वृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही विगत वर्ष 2025 के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विषयवार एवं शिक्षकवार परीक्षाफल की जानकारी पर चर्चा होगी। इसके अतिरिक्त परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के पंजीयन की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। निःशुल्क साइकिल वितरण 2025 अंतर्गत विद्यार्थियों को साइकिल वितरण एवं चेसिस नंबर की प्रविष्टि की समीक्षा की जाएगी।

**प्लेबैक सिंगर मानसी घोष की भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मालथौन गौरव दिवस संपन्न**

# गोधाम में गौ अभ्यारण्य और गीता भवन बनेगा, दोनों मंदिरों का नव निर्माण कर वैभव लौटाएंगे: पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मालथौन के लिए घोषित किया गया गौ अभ्यारण्य सिद्ध क्षेत्र गौधाम में बनाया जाएगा। गऊधा धाम में 5 करोड़ की लागत से गीता भवन बनाया जाएगा जो सभी धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन स्थल बनेगा। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां आयोजित मालथौन गौरव दिवस के मंच से यह घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मालथौन का गौधाम एक बड़े धार्मिक तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। मालथौन गौरव दिवस प्लेबैक सिंगर मानसी घोष की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि देवभूमि, धर्म भूमि गऊधाधाम से मैं सभी को मकर संक्रांति के पुण्य पर्व पर शुभकामनाएं देता हूं। गौधाम, गऊधा धाम के प्रति लोगों की आस्था प्राचीन काल से रही है। मकर संक्रांति पर लगने वाले मेले में यहां के दिव्य कुंड, प्राचीन हनुमान जी मंदिर और प्राचीन शिव मंदिर के दर्शन करने हजारों लोग आते रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार खुरई विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के रूप में जब मैं यहां आया तो यह सिद्ध क्षेत्र जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था। 5 करोड़ की लागत से गऊधा धाम कुंड के सौंदर्यीकरण और गहरी करण कार्य के बाद इस क्षेत्र को उसका सांस्कृतिक वैभव लौटाने के प्रयास शुरू किए गए थे। यहां तक पहुंचने के लिए अच्छी सड़क भी बनवाई गई। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि गऊधा धाम में 150 एकड़ सरकारी भूमि है जिस पर गौ अभ्यारण्य बनाया जाएगा जिसमें हजारों गौवंश सुख सुविधा से रह पाएंगे। उन्होंने कहा कि 5 करोड़ से बनने वाले गीता भवन में कई कमरे, बड़ा हाल जैसी सभी सुविधाएं होती हैं। मालथौन व आसपास के लोग अपने कथा,पूजा,यज्ञ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए गीता भवन का उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि गऊधा धाम के भगवान शिव तथा हनुमान जी मंदिरों को पुनः उनकी प्राचीन शैली में भव्य स्वरूप के साथ निर्मित करना है। इसका नक्शा बन चुका है और जल्दी ही इस पर काम शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे मन में था कि गऊधा धाम को एक धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि त्यौहार मेलों की परंपरा का हमारी संस्कृति में बहुत महत्व है जो समाज को आपस में जोड़ती है। विशेष रूप से माघ मास में एक महीने का कल्पवास होता है। माता पार्वती ने यह कल्पवास किया तब उनका विवाह भगवान शिव जी से हुआ था।

उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से गौधाम मेले और मालथौन गौरव दिवस को तीन दिवसीय आयोजन के रूप में किया जाएगा। इस मेले में 500 से अधिक दूकानें लग रही हैं जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बहुत लाभ होता है।सिंह ने कहा कि खुरई में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन पर क्षेत्र के लाखों लोगों ने उनका एतिहासिक स्वागत किया जिसके लिए आप सभी धन्यवाद के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने एक हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दीं जिसके लिए उनका क्षेत्र वासियों की ओर से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मालथौन के लिए मल्टी पर्पज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की सौगात दी है जिसमें सभी खेलों की उच्च स्तरीय मानकों की सुविधाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि इस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स से मालथौन की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल मंचों तक जाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### प्लेबैक सिंगर मानसी घोष की प्रस्तुतियों ने समां बांधा

मालथौन गौरव दिवस कार्यक्रम में इंडियन आइडल-2025 की विजेता प्लेबैक सिंगर मानसी घोष और उनकी टीम की भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को उत्साह और उमंग से सराबोर कर दिया। मानसी ने "चोरी किया रे" गाने से अपना परफार्मेंस शुरू किया। सोनू निगम के प्रसिद्ध गीत "ये दिल, दीवाना है ये दिल" जैसी तड़कती भड़कती प्रस्तुतियों से जहां उन्होंने युवा दर्शकों को झूमने मजबूर किया वहीं "अजीब दास्तां है ये" जैसे पुराने हिट गीत सुना कर पारंपरिक श्रोताओं को रिझाया। हजारों की संख्या में दर्शकों ने कार्यक्रम को देखा। युवा नेता अविराज सिंह ने मंच पर सिंगर मानसी घोष को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अविराज सिंह ने स्वयं भी मंच से शोले का गीत "ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे" सुना कर क्षेत्र की जनता का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम तीन बजे से आरंभ होकर छह बजे शाम तक जारी रहा।



### पूर्व मंत्री पं. गोपाल भार्गव ने किया सिद्ध क्षेत्र पटेरिया के कुंडों में पवित्र नदियों का जल समाहित

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा के सिद्ध क्षेत्र पटेरिया धाम में मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां पवित्र नदियां गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा, सरयू, मंदाकिनी, गंगासागर, त्रिवेणी संगम, सोनभद्र का पवित्र जल एकत्रित करके प्रकांड पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार विधि विधान पूजन के साथ पटेरिया के कुंडों में समाहित किया। साधु संतों के सानिध्य में जल को पवित्र कुंडों में प्रवाहित कर मेले का शुभारंभ किया। कई क्षेत्रों से आए साधु संतों का सम्मान पूर्व मंत्री वरिष्ठ विधायक पं. गोपाल भार्गव ने किया। इस अवसर पर मंत्री भार्गव ने कहा कि जो गरीब निर्धन लोग मकर संक्रांति के दिन तीर्थ क्षेत्र में आर्थिक स्थिति के चलते नहीं जा पाते थे उन्हें देश के प्रमुख नदियों का जल लाकर सिद्ध क्षेत्र पटेरिया के कुण्डों में प्रवाहित किया गया है। इस अवसर पर हरिदास जी महामंडलेश्वर जी, महंत कमलापत दास,कथा वाचक महंत रामलखन दास जी, महंत ओमप्रकाश शरण, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, शिवदत्त शुक्ला, संजय दुबे के साथ पार्षदगण उपस्थित थे।



### गोविद जड़ियां के जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर सराफा व्यापारी ने बांटी मिठाई

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में बुधवार के दिन गढाकोटा सराफा व्यवसायियों ने सागर में हुए हाल ही समाज के चुनाव के परिणामो के बाद गोविंद जड़ियां के जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर मिठाई बांटी। सबसे पहले श्री देव द्वारकाधीश सराफा मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर सभी स्वजातीय बंधुओं ने नगर कि प्रत्येक सराफा व्यवसायियों कि दुकानो पर जाकर मिठाई खिलाई ओर खुशी जाहर की। इस अवसर पर वरिष्ठ सराफा व्यावसाही रामकिशुन सोनी ने बताया कि हाल में समाज के चुनाव संपन्न हुए हैं जिसमें गोविंद जड़ियां जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए उसी को लेकर समाज के द्वारा मिठाई खिलाकर खुशी जाहर की है। इस अवसर पर स्वजीतीय लोग मौजूद रहे।



### ब्राह्मण समाज के पत्रिका विमोचन एवं मेधावी सम्मान समारोह के लिए उप मुख्यमंत्री पं.राजेंद्र शुक्ल को किया आमंत्रित

**सागर।** आगामी 1 फरवरी रविवार को होने वाले ब्राह्मण समाज के मेधावी विद्यार्थी सम्मान एवं वैवाहिक पत्रिका विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के लिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पं.राजेंद्र शुक्ल को आमंत्रित किया। मंगलवार शाम भोपाल पहुंचकर पुरोहित पुजारी विद्वत संघ और युवा ब्राह्मण समाज बुंदेलखंड के प्रतिनिधियों ने उनसे भेंट करके मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया उपमुख्यमंत्री ने आने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विशेष रूप से मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार पं.दीपक तिवारी, युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं.भरत तिवारी, पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के अध्यक्ष पं. शिवप्रसाद तिवारी, शिवसेना के उपराज्य प्रमुख पं. पप्पू तिवारी, पं.मनोज पाण्डेय, पं.रामचरण शास्त्री श्रीहरि, डॉ.रामचंद्र शर्मा, पं.सुशील तिवारी, पं.दिनेश पाण्डेय, पं.रघु शास्त्री, पं.योगेश दीक्षित, पं.जयकुमार गोलू तिवारी, पं.नरेश पांडेय सहित ब्राह्मण समाज के युवा उपस्थित रहे।

## एकता और अखंडता का पवित्र पर्व है मकर संक्रांति : कुलपति प्रो. वायएस ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित समारोह में विश्व विद्यालय की कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने मकर संक्रांति पर्व की बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में मकर संक्रांति पूरे देश में उत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक पर्व है। भारतीय संस्कृति के ऐसे पारंपरिक अवसरों के माध्यम से एकता और अखंडता का संदेश प्रवाहित होता है। कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय ने भी सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संस्कृत विभाग के डॉ. शशि कुमार सिंह ने मकर संक्रांति पर्व के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्त्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पर्व नई ऊर्जा का पर्व है। ऐसी मान्यता है कि इस तिथि से लोगों में एक नवीन ऊर्जा का संचार शुरू होता है। यह सांस्कृतिक सम्मिलन और समागम का पर्व है। पूरे देश में इसके नाम अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन यह बहुत ही पवित्रता और उत्साह के साथ एक साथ मनाया जाता है।

कार्यक्रम में सभी उपस्थित सदस्यों ने खिचड़ी के साथ-साथ तिल-गुड़ से बने विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर कुलपति के साथ-साथ शिक्षकों, कर्मचारियों ने पतंग भी उड़ाई। आयोजन के समन्वयक डॉ. राकेश सोनी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर प्रो. डी. के नेमा, प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत, प्रो. नवीन कानगो, प्रो. अजीत जायसवाल, प्रो. कालीनाथ झा, प्रो. अनिल जैन, डॉ. मोहन टी. ए., प्रो. हिमांशु पांडे, डॉ. अभिषेक बंसल, डॉ. हिमांशु, डॉ. पंकज तिवारी सहित कई शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### हजरत मुति उर-रहमान साहब को पुष्पांजलि अर्पित की


**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों ने कटरा जामा मस्जिद के इमाम हजरत मुति उर-रहमान साहब के जनाजे पर पहुँच कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि पिछले 40 वर्षों से इमाम साहब शहर में हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक थे जो सद्भावना के रूप में पहचाने जाते थे। उनके दुनिया को अलविदा कहने से शहर को बड़ी क्षति हुई है जिसकी भरपाई होना संभव नहीं है। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, मुकुल पुरोहित, सेवा दल अध्यक्ष सिंटू कटारे, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, पंकज सिंघई, अमित राम जी दुबे, आनंद हेला, साजिद रायन, चमन अंसारी, ताहिर खान, वसीम खान, तज्जु भाई जान, कमलेश तिवारी, फिरदौस कुरैशी, शोएब कुरैशी, सना भाईजान एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 : नालियों में कचरा मिलने पर निगमायुक्त सख्त

**सागर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु निरंतर विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। बुधवार को निगमायुक्त द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नालियों में घरों का कचरा पाया गया, जिस पर निगमायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी ज़ोन प्रभारियों को निर्देश दिए कि किसी भी वार्ड में यदि नालियों में घरेलू कचरा फेंका हुआ पाया जाए तो संबंधित व्यक्ति की पहचान कर तत्काल चालानी कार्रवाई की जाए। निगमायुक्त ने स्पष्ट कहा कि शहर को गंदा करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएँ। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने चकराघाट पर मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले मेले को दृष्टिगत रखते हुए सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, नवग्रह मंडपम की धुलाई कराने तथा तालाब में कचरा फेंकने पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिन सड़कों के किनारे धूल जमा रहती है, वहां फेवर ब्लॉक लगाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए, जिससे धूल की समस्या समाप्त हो और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। निगमायुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत "कबाड़ से जुगाड़" थीम पर बनाई जा रही विभिन्न कलाकृतियों का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर के निर्देश पर विभिन्न स्थानों से चाइनीज मांझा जब्त, दुकानदारों दी गई समझाइश

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के सख्त निर्देश पर मकर संक्रांति पर्व को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से जिला प्रशासन ने जिले के जितेंद्र सिंघाई की दुकान एवं भीतर बाज़ार में गुलाब काइट्स सहित अन्य विभिन्न स्थानों से चाइनीज मांझा जब्त किया। चाइनीज मांझे को बेचने पर दुकानदाओं को समझाइश दी गई एवं चाइनीज मांझे के उपयोग न करने की जनता से अपील भी की। कलेक्टर संदीप जी ने कहा कि चाइनीज मांझा अत्यधिक तेज और धारदार होने के कारण मानव जीवन, पक्षियों तथा जानवरों के लिए घातक साबित होता है। इससे गले कटने की घटनाएं जैसे मामले सामने आते रहते हैं। इस खतरे की रोकथाम के लिए प्रशासन ने दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी है। उल्लंघन करने पर भारी जुर्माना तथा पुलिस कार्रवाई की जाएगी।



### हिमांशु भट्ट ने निगमायुक्त के साथ राजघाट जल आवर्धन परियोजना का निरीक्षण किया

**सागर।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत नगरीय निकायों मे संचालित केंद्र एवं राज्य प्रवर्तित पेयजल एवं सीवरेज की योजनाएं तथा निकाय की पेयजल व्यवस्था एवं अन्य सम-सामयिक विषयों एवं योजनाओं की समीक्षा, प्रत्यक्ष अवलोकन एवं निरीक्षण हेतु शासन द्वारा नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल के उप संचालक हिमांशु भट्ट ने नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में शासन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सीवर प्रोजेक्ट, टाटा, अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के पूर्व निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। बैठक के उपरांत भट्ट ने राजघाट जल आवर्धन परियोजना का निरीक्षण किया और वहां पर जलशोधन संयंत्र,रा वाटर, लैब का निरीक्षण कर पानी की गुणवत्ता की जांच के बारे में जानकारी प्राप्त की । इस दौरान उन्होंने अभी तक की गई पानी की गुणवत्ता की जांच का रिकार्ड भी चैक किया और शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

**पोषण पुनर्वास केंद्र पहुंच कर परिजनों से की चर्चा, 24 घंटे सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश**

# कलेक्टर ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहली का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




कलेक्टर संदीप जी आर ने अधिकारियों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहली का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए एवं पोषण पुनर्वास केंद्र पहुंच कर परिजनों से चर्चा भी की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी, एसडीएम कुलदीप पाराशर सहित डॉक्टर एवं अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहली पहुंचकर वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था की सूक्ष्मता से जानकारी प्राप्त की एवं निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में दवाओं का स्टॉक रहे एवं सभी डॉक्टर पैरामेडिकल स्टाफ समय पर उपलब्ध रहें एवं अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाएं। उन्होंने अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रही महिलाओं एवं गर्भवती माता से भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि आप सभी शीघ्र स्वस्थ हो उन्होंने कहा कि अस्पताल में 24 घंटे एंबुलेंस उपलब्ध रहे एवं कॉल आने पर तत्काल उसको कॉल स्थल तक रवाना किया जावे एवं पीड़ित मरीज आने पर तत्काल उसका इलाज सुनिश्चित किया जावे।

उन्होंने कहा कि आवश्यक पढ़ना है पर ही वरिष्ठ उच्च अस्पताल के लिए रेफर किया जावे। उन्होंने प्रसव रूम, दवा वितरण केंद्र, स्टोर, डॉक्टर रूम, शौचालय, पेयजल स्थल सहित अन्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में पर्याप्त मात्रा में साफ सफाई राखी जावे एवं अस्पताल परिसर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए लगातार सफाई की जाए उन्होंने निर्देश दिए की आवश्यकता अनुसार चतुर्थ कर्मचारी की नियुक्ति की जावे।

कलेक्टर संदीप जी आर रहली के पोषण पुनर्वास केंद्र पहुंचे जहां उन्होंने बच्चों और माता से चर्चा की एवं कहा कि आप सभी अपने-अपने बच्चों को गाइडलाइन के अनुसार पोषण पुनर्वास केंद्र में 14 दिन इलाज कराए एवं पोषित होते ही पांच बार उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराए। कलेक्टर ने सभी माताओं से उनके स्वास्थ्य एवं उनके बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के संबंध में आवश्यक जानकारी भी प्रदान की।

## खबर संक्षेप



### ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्रॉड हुई 2.86 लाख की सम्पूर्ण धनराशि वापस

**ललितपुर।** एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी के निर्देशन, एसपी मो.मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आवेदक थाना सौजना के ग्राम खटौरा निवासी गब्बर सिंह पुत्र बाबूलाल राजपूत के साथ 2 लाख 86 हजार 187 रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी हुई थी, जिसकी साइबर क्राइम थाना पर प्राप्त शिकायत के आधार पर मु.अ.स.-13/2025 धारा 318(4), 336, 338, 340 बीएनएस और 66सी, 66डी आई.टी. एक्ट में पंजीकृत किया। साइबर क्राइम पुलिस ने पीड़ित के उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर, त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियों, बैंकों, वॉलेट आदि से सम्पर्क कर, द्वारा उचित माध्यम से संबंधित वित्तीय एजेंसियों को ई-मेल व समन्वय स्थापित करके, पीड़ित का पैसा होल्ड कराकर फ्रॉड हुई सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस करने में सफलता प्राप्त की है। रुपये वापस कराने वाली पुलिस टीम में साइबर क्राइम थाना निरीक्षक कृष्णदेव यादव, उ.नि.राहुल सिंह शामिल रहे।

### युवा दिवस पर हुआ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**ललितपुर।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस पर ग्रामीण स्टेडियम गुढा में मुख्य अतिथि साहब सिंह द्वारा स्वामी विवेकानन्द चित्र पर माल्यार्पण किया। 100 मी.दौड में प्रथम-नेहा राजा, द्वितीय-राशि राजा, तृतीय-रीतू राजा रही। वॉलीवॉल में सिनियर विजेता-शनि राजा की टीम, उप विजेता-पवेन्द्र राजा की टीम रही। कबड्डी में विजेता-आभास प्रताप सिंह की टीम रही, उप विजेता-गोलू की टीम ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वामी विवेकानन्दजी की तरह आप अपने परिवार, प्रदेश एवं देश के नाम की ख्याती देश विदेशों तक फैलाने के लिए स्वामी जी के जीवन से प्रेरित होकर हमेश प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा दिवस पर उपस्थित अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया एवं खिलाडियों द्वारा विवेकान्दजी के जीवन मे प्राप्त की गयी उपलब्धियों के बारे मे विचार विमर्श किया गया। खेल प्रतियोगिता के विजेता खिलाडियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमे निर्णायक की भूमिका का देवेन्द्र राजा द्वारा निर्वहन किया गया। अंत में क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी शैलेन्द्र सिंह यादव ने किया।

### बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा जंतर मंतर पर धरना देगा मांगे उठाएगा

**ललितपुर।** बुंदेलखंड की 6 स्वीकृत रेल लाइनों को पिछले 10 वर्षों से भारत सरकार ने रेल लाइने बिछाने के लिए पैसा स्वीकृत नहीं किया है. इन रेल लाइनों पर काम शुरू किया जाए. स्वीकृत रेल लाइने है ललितपुर सागर छिंदवाड़ा,छतरपुर सागर ललितपुर चंदेरी गुना ,झांसी शिवपुरी श्योपुर ,भिंड महोबा बांदा रेल लाइन को बजट आवंटित किया जाए दमोह सागर होकर नागपुर वर्धा रेल , दमोह सागर होकर पुणे रेल शुरू की जाए ।उन्होंने कहा. बुंदेलखंड के पर्यटन विकास के लिए बुंदेलखंड पर्यटन कॉरिडोर बनाया जाए। महान दानवीर डॉक्टर हरि सिंह गौर और हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न से विभूषित किया जाए। स्कूलों के पाठ्यक्रमों में डा हरि सिंह गौर और मेजर ध्यानचंद की जीवनी को शामिल किया जाए. भारत सरकार द्वारा खोले जा रहे नए मेडिकल कॉलेज और विशेषत हाल ही में घोषित भिंड कटनी पन्ना आदि मेडिकल कॉलेजों को सरकारी कॉलेज बनाया जाए न की पीपीपी मॉडल पर। अपील की गई है कि 13 फरवरी को तैयार रहें।

### फॉर्चूनर कार हुई बरामद, तालबेहट पुलिस को मिली सफलता

# रुपए दोगुने करने वाली कंपनी सरगना के अलावा तीन और ठग पुलिस ने दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



एलयूसीसी नाम की कम्पनी बनाकर लोगों को कम समय में जमा रकम दोगुनी करने का लालच देकर करोड़ों रुपयों की धोखाधड़ी के मामले में ललितपुर पुलिस ने महाठग रवि तिवारी को फिर से धर दबोचने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने रवि तिवारी के अलावा तीन और शातिर ठग हिरासत में लिये हैं। पुलिस ने चारों के पास से पैंतीस लाख रुपये की अनुमानित कीमत की फॉर्चूनर कार बरामद की है।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, डीआईजी परिक्षेत्र झांसी के निर्देशानुक्रम में, पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ तालबेहट रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा ने अपनी टीम के साथ थाने में दर्ज मु.अ.सं. 06/2026 धारा 111, 318(4), 61(2), 338, 352, 351(3), 336(3), 340(2) बीएनएस के अभियोग में वांछित सिविल लाइन चांदमारी निवासी भरत वर्मा पुत्र स्व.जगदीश वर्मा, मड़ावरा निवासी मुकेश कुमार जैन पुत्र स्व.भागचंद्र जैन, मोहल्ला रामनगर लेखपाल कालोनी व हाल 20 ग्रीतग्रीन कॉलोनी करौंद थाना निशातपुरा जिला भोपाल म.प्र. निवासी रविशंकर उर्फ रवि तिवारी पुत्र तिलक राम तिवारी, उसका भाई विनोद कुमार तिवारी उर्फ रानू पुत्र तिलक राम तिवारी को धर दबोचा है। घटना को लेकर तालबेहट पुलिस ने बताया कि संगठित गिरोह बनाकर अपने आर्थिक लाभ के लिये एलयूसीसी नाम की एक चिटफंड कम्पनी के माध्यम से धोखाधड़ी कर षड्यन्त्र पूर्वक कूटरचित दस्तावेज तैयार करते हुये पीड़ित के रुपये लेकर हड़प लेना एवं पीड़ित द्वारा अपना रुपया वापस मांगने पर टाल-मटोल करते हुये गाली-गलौच करना तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी। सूचना के आधार पर थाना तालबेहट पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर प्रकरण की गंभीरता व व्यापकता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही व वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन हेतु टीमें गठित की गयीं थी। गठित टीमों द्वारा सर्विलांस (मैनुअली/टैक्नीकल), वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन व अन्य एकत्रित साक्ष्यों की मदद से 04 अभियुक्तगण को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ के दौरान हिरासत में लिये गये अभियुक्तों में रविशंकर तिवारी व विनोद तिवारी ने बताया कि वर्ष 2016 में समीर अग्रवाल ने एलयूसीसी नाम से एक अलग चिटफण्ड नाम की कम्पनी बनवाई। उसने जानबूझकर इस कम्पनी में अलग -अलग राज्यों के लोगो के आधार कार्ड, पैन कार्ड का दुरपयोग करके इस कम्पनी के डायरेक्टर व अन्य महत्वपूर्ण पद दे दिये थे। लेकिन पूरी कम्पनी का संचालन समीर अग्रवाल व उसके मुम्बई, इन्दौर, लखनऊ व अन्य राज्यों व जिलों से जुडे हुए लोगो के द्वारा किया जाता था जिसमें वह, आलोक जैन व अन्य हमारे सभी साथी मंहगे- मंहगे होटले में सेमिनार का आयोजन करते थे। वहां पर लोगो को हम लोगो लालच देकर विदेश में ले जाकर घुमाते भी थे ताकि लोगो को लगे कि हमारी कम्पनी सही कम्पनी है और इसमे ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोडने पर रातो रातो अमीर बना जा सकता है। सेमिनार में हम लोग महगी गाडियो का भी लालच देते थे कि गाडियां आपको मुफ्त में मिल जायेगी और हम लोग मंहगे कपड़े, और होटलो में खाना मुफ्त में खिलाते थे ताकि लोग हम लोगो से जुड़ सकें। इस सोसायटी के माध्यम से पांच वर्ष में निवेशित धनराशि डबल होने के बारे में जानकारी देते थे और लोगो को बताते थे कि सोसायटी में निवेश की गयी धनराशि को गोल्ड माइन्स एडवर्टाइजमेन्ट कम्पनी, लोहे की खदान, तेल के कुंए में लगाने की बात हम लोग बताते थे और इस बात का भी विश्वास देते थे कि आप लोगों द्वारा निवेश किये गये एवं कराये जा रहे धन को शत प्रतिशत सुरक्षित किया गया है और वह बहुत जल्दी ही डबल हो जायेगा। हमारी कम्पनी में अलग-अलग स्कीम के माध्यम से लोगो को जुडने कि लिये प्रेरित करते थे। उक्त लोग अलग-अलग स्कीमों में अलग-अलग राज्यो और अलग-अलग जिलो में जैसे ललितपुर, टीकमगढ, सागर, अशोक नगर, झांसी एवं विदिशा में अपना नेटवर्क स्थापित करते हुए निवेशकर्ताओं को लाभान्वित करने का विश्वास दिलाकर सैकड़ो- करोडों रुपये से अधिक का निवेश कराया है। मैंने इस कारोबार में धन की मोटी आमद को देखते हुए अपने भाई विनोद तिवारी को भी लगाकर अपने कार्यक्षेत्र में इजाफा किया जिसके एवज में मुझे अब तक करोड़ों रुपये कमीशन के रूप में प्राप्त हो चुके है। कम्पनी द्वारा 10 अलग -अलग ग्रुप बनाये गये हैं जिसमें अल्टो ग्रुप, स्कार्पियों ग्रुप, एक्सयूवी ग्रुप आदि हैं। जिसका लालच देकर के हम लोग भोले-भाले लोगो को पैसा जमा कराने के लिये प्रेरित करते हैं कि आप लोगो को भी यह मंहगी गाडियां मिल सकती है। रवि तिवारी ने बताया कि उसने अपने भाईयों व परिवारों के अन्य सदस्यो के नाम पर कई करोड का होटल, प्लाट, जमीने ललितपुर, भोपाल, इन्दौर आदि जगह खरीदी हैं। कम्पनी का नाम और अपने कार्यालय लगातार बदलते रहते है जिससे पकड़े न जाये और जब भी कोई शिकायत करता है तो उसका रूपया देकर हम लोग आसानी से बच जाते है। इसी कम्पनी के माध्यम से कमाये हुए करोड़ो रूपयों से मैने विलासतापूर्ण जीवन जिया है। भरत वर्मा ने बताया कि वह एलयूसीसी आफिस में विभिन्न ब्रांचों से कैश कलेक्शन करने का कार्य करता था जिसके लिये मुझे मासिक रुपये 50 हजार रुपये के अतिरिक्त समय समय पर आलोक जैन द्वारा उपहार स्वरूप नगदी भी दी जाती थी। इस कार्यालय में काफी रुपये निवेशकर्ताओं के विभिन्न ब्रांचो से इक_I होते थे प्रतिदिन जमा की गयी नगदी का लेखा जोखा मैं स्वयं रखता था और आलोक जैन के माध्यम से प्रतिदिन लाखों रुपये झांसी स्थित एलयूसीसी के चेस्ट में भिजवाता था। मुकेश जैन ने बताया कि वह मडावरा में एलयूसीसी ब्रान्च आफिस का हैड था जिसमें मैने अब तक करोडों रूपयो को अपने कार्यालय के माध्यम से एलयूसीसी में निवेश कराया है। वह ब्रान्च आफिस पर संकलित धन राशि को एलयूसीसी वैन के माध्यम से जनपदीय हेड आफिस ललितपुर रवि तिवारी एवं आलोक जैन के पास भेजता था। हम सभी लोगों ने आमजनमानस के साथ धोखाधडी कर कपटपूर्वक संगठित धन अर्जित करने के लिये उनके धन का निवेश किया।

### दूसरी बार कुशवाहा बने जिला महामंत्री

## लगातार तीसरी बार विवेक सिंह जिलाध्यक्ष नियुक्त

### निर्विरोध चुने गए पदाधिकारियों से हर्ष की लहर



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संख्या 1614(1)33-1-2015 जनपद ललितपुर के द्विवार्षिक अधिवेशन 2026-27 की नामांकन प्रक्रिया जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। प्रांतीय निर्देशों के क्रम में झांसी से आए निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया कराई गई। समस्त पदों के लिए सामंजस्य के साथ केवल एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त होने के कारण निर्वाचन प्रक्रिया निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुई। निर्वाचन परिणामस्वरूप जिलाध्यक्ष पद पर विवेक सिंह, जिला महामंत्री पद पर जेपी कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष पद पर करनसिंह राजपूत, जिला संगठन मंत्री पद पर अरविंद कुमार तथा जिला संप्रेक्षक पद पर ओमप्रकाश निर्वाचित घोषित किए गए। अंत में निर्वाचन अधिकारियों द्वारा नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन से जुड़े समस्त कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कर्मचारी हितों में पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया।

### नेहरू नगर के सैकड़ों परिवार परेशान

## जाड़े में नलों से पानी गायब गर्मी में कैसे होगी आपूर्ति?



**ललितपुर।** शहर के नेहरू नगर क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से नलों में पानी की आपूर्ति ठप पड़ी है, जिससे सैकड़ों परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में क्षेत्रीय नागरिकों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि नेहरू नगर की देहरे वाली बब्बा गली सहित आसपास की गलियों में बड़ी आबादी निवास करती है। करीब एक हजार से अधिक लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। बताया गया कि पड़ोरिया हाउस के पास पाइप लाइन टूट जाने के कारण काफी समय तक पानी सड़क पर बहता रहा, लेकिन लीकेज की मरम्मत नहीं की गई। इसके चलते नलों की जलापूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। निवासियों का आरोप है कि हर घर नल योजना शासन की प्राथमिक योजनाओं में शामिल है, लेकिन ठेकेदार द्वारा मोटी पाइप लाइन में जगह-जगह टी लगाकर केवल मुख्य सड़क तक ही कनेक्शन दिया गया है। निचले इलाकों में अब तक पानी नहीं पहुंच पा रहा। ठेकेदार से संपर्क करने पर उसने कार्य पूर्ण होने की बात कहते हुए जिम्मेदारी विभाग पर डाल दी। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि देहरे वाली मुख्य गली को मोटी पाइप लाइन से जोड़कर तत्काल जलापूर्ति शुरू कराई जाए तथा पड़ोरिया हाउस के पास पाइप लाइन के लीकेज की मरम्मत कराई जाए। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर राहत देने की अपील की है।

## महरौनी में अहिरवार समाज महापंचायत की बैठक संपन्न, संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर






**महरौनी।** मंगलवार को विकासखंड महरौनी स्थित ज्योति मैरिज गार्डन महरौनी में अहिरवार समाज महापंचायत के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। महापंचायत द्वारा निर्धारित 15 बिंदुओं पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समाज को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए घर-घर जाकर संगठन का विस्तार किया जाएगा। साथ ही समाज की समस्याओं के समाधान हेतु एक जिला स्तरीय समिति के गठन पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार जिजयावन और विशिष्ट अतिथियों में बंधुराम अध्यापक मड़ावरा, जवाहरलाल नेताजी ब्लॉक अध्यक्ष बार, जगदीश अध्यापक जखौरा ब्लॉक अध्यक्ष, घनश्याम मेलार ब्लॉक संरक्षक जखौरा, मूलचंद सूरीकलां, लछमन डगराना, ज्ञानचंद सूरी कला, मुन्ना तुर्का, देवेंद्र कुमार, बुददेराम माते जरावली, रामसरुप टीकरा, गोकुल प्रसाद चिगलौआ, गणेश प्रसाद उदयपुरा, अजुददी गैदोरा, ग्यासी बिलाटा, देवीलाल अहिरवार शिक्षक, एडवोकेट जगन लाल अहिरवार, सुल्तान सिंह गैदोरा, महेंद्र पनारी, हरदास बाबूजी, ब्लॉक अध्यक्ष बिरधा मोहनलाल खाईखेरा रहे। बैठक में समाज की एकता, शिक्षा, संगठन विस्तार और सामाजिक जागरूकता पर विशेष बल दिया गया। बैठक में राजेन्द्र कुमार महरौनी, भागीरथ महरौनी, कांशीराम भौडी, हरगोविंद अध्यापक, महेन्द्र पनारी, हरेंद्र भारती ब्लॉक अध्यक्ष आदि थे।

## मकर संक्रान्ति पर लगने वाले मेले में व्यवस्थाएं रखें चुस्त-दुरुस्त : नपाध्यक्ष

### ईओ ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश



**ललितपुर।** मकर संक्रान्ति पर्व के चलते बांध की तलहटी पर स्थित श्री सीता पाठ मंदिर पर लगने वाले मेले की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए नपाध्यक्ष सोनाली जैन व ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने तैयारियों का जायजा लिया। इसके अलावा संबंधितों को साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। नपाध्यक्ष ने श्री सीतापाठ मंदिर के महंत से व्यवस्थाओं के बारी में चर्चा समस्त व्यवस्थाएं समय से दुरूस्त कराये जाने हेतु कहा गया। नपाध्यक्ष ने अमृत योजना के अंतर्गत सीतापाठ के सौंदर्यीकरण, तालाब के निर्माण व पार्क निर्माण कार्यो का भी जायजा लिया गया, जिसमें बताया गया घाटों का निर्माण कार्य भी कराया गया है। इसके अलावा पार्क का भी निर्माण कार्य कराया जायेगा।

उन्होंने संबंधित को शीघ्र ही तालाब में पानी भरने एवं तालाब के आसपास व घाटों की साफ सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। ईओ दिनेश कुमार ने कहा कि अमृत योजना के तहत सीतापाठ मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 1.3 करोड़ रूपए का आवंटन हुआ था, जिसके क्रम में घाट का निर्माण, तालाब निर्माण में सीसी कार्य, बाउण्ड्रीबाल सहित अनेक कार्य कराये गये है। पार्क निर्माण हेतु कार्य प्रगति पर है।

इसके अलावा मकर संक्रान्ति पर्व को दृष्टिगत रखते हुए आसपास साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। साथ ही बनाये गये तालाब में जल भराव भी कराया जा रहा है।

## रासेयो ने दी सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत लोगों को जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

केपीएस पीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमेंवा योजना कार्यकम अधिकारी प्रभांशु नगाइच एवं सहायक कार्यकम अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल कर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया, तथा सड़क सुरक्षा प्रभारी पुष्पेन्द्र पुरोहित एवं सहायक सडक सुरक्षा प्रभारी राजकुमार पटेल के निर्देशन में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ० लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यकम अधिकारी प्रभांशु नगाइच, सहायक राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव, सडक सुरक्षा प्रभारी पुष्पेन्द्र पुरोहित एवं सहायक सड़क सुरक्षा प्रभारी राजकुमार पटेल ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया।

### वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें

डॉ. लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राएं वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, एवं नियंत्रित गति से वाहन चलायें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें और दोपहिया वाहन चलाते समय सिर्फ दो लोग ही बैठें तथा दोनों ही लोग हेलमेट का प्रयोग करें। प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि नाबालिग छात्र-छात्राएं वाहन का प्रयोग न करें। पैदल यात्रियों के लिये पैदल पथ और साइकिल चालकों के लिये साइकिल लाइन उपलब्ध कराकर असुरक्षित सड़क उपयोग कर्ताओं को अलग करें। आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने कहा कि कभी भी शराब पीकर वाहन न चलायें और गति सीमा का ध्यान रखें।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया और राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रभांशु नगाइच ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि०प्रो० दिनेश श्रीवास्तव, डॉ० साकेत कुमार, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, अमित, गोलू, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

### पर्व को उत्सव के रूप में क्यों मनाते हैं पर रखे विचार

## सनातन संस्कृति लोहड़ी त्योहार की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय पनारी, ललितपुर में लोहरी दिवस के पावन त्यौहार को बड़ी की धूम-धाम व उत्साह के साथ मनाया गया।

साथ ही महाविद्यालय के डॉ भीमराव अंबेडकर सभागार में लोहरी दिवस त्यौहार पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रुप ऑफ कालेज के डायरेक्टर डॉ सौरभ यादव, प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ महेश कुमार झा, उपप्राचार्य डॉ रामलाल रैकवार, कृषि विभागाध्यक्ष डॉ भजनलाल साहू एवं कार्यक्रम संयोजक असि. प्रो. रानू सिंह ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। डायरेक्टर डॉ सौरभ यादव ने बताया कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और लोक उत्सवों की श्रृंखला में लोहड़ी का पर्व एक विशेष स्थान रखता है। यह पर्व न केवल प्रकृति, कृषि और ऋतु परिवर्तन का उत्सव है, बल्कि सामाजिक एकता, सामूहिक आनंद और पारंपरिक मूल्यों का प्रतीक भी है। लोहड़ी दिवस के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों, विशेषकर उत्तर भारत के नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ। प्राचार्य डॉ महेश कुमार झा ने बताया कि लोहड़ी पर्व कृषि संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। यह त्योहार किसानों की मेहनत, धैर्य और प्रकृति के साथ उनके गहरे संबंध को दर्शाता है। खेतों में बोई गई फसलों के अच्छे उत्पादन की कामना के साथ किसान लोहड़ी मनाते हैं। यह पर्व सामूहिक श्रम, आपसी सहयोग और साझा उत्सव की भावना को प्रोत्साहित करता है। कृषि प्रधान भारत में ऐसे पर्व न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि समाज को प्रकृति संरक्षण, संतुलित जीवन और कृतज्ञता का संदेश भी देते हैं। लोहड़ी हमें यह सिखाती है कि मानव जीवन प्रकृति पर निर्भर है और उसका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उपप्राचार्य डॉ0 रामलाल रैकवार ने कहा कि लोहड़ी पर्व के पीछे अनेक लोक कथाएँ, ऐतिहासिक प्रसंग और पौराणिक मान्यताएँ जुड़ी हुई हैं। कहा जाता है कि लोहड़ी का संबंध सूर्य देव और अग्नि देव की आराधना से है। इस दिन लोग अग्नि प्रज्वलित कर उसकी परिक्रमा करते हैं और तिल, गुड़, मूंगफली, रेवड़ी, पॉपकॉर्न आदि अर्पित करते हैं। अग्नि को साक्षी मानकर जीवन में सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की जाती है।

कृषि विभागाध्यक्ष असि. प्रो भजनलाल साहू ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। लोहड़ी पर्व हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है। अग्नि पूजा के साथ-साथ हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करेंगे, पर्यावरण को स्वच्छ रखेंगे और भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर यह आवश्यक है कि लोहड़ी का आयोजन पर्यावरण अनुकूल तरीके से किया जाए। अनावश्यक प्रदूषण, प्लास्टिक का उपयोग और अपशिष्ट फैलाने से बचते हुए हम इस पर्व को हरित और स्वच्छ बना सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में संयोजक असि. प्रो रानू सिंह ने कार्यक्रम में पधारे हुए सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोहड़ी दिवस के पावन अवसर पर यही कामना है कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति लेकर आए। यह पर्व हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने, सामाजिक एकता को मजबूत करने और प्रकृति के प्रति कृतज्ञ रहने की प्रेरणा देता है। आइए, हम सभी मिलकर लोहड़ी के इस पावन पर्व को उत्साह, उमंग और सकारात्मक सोच के साथ मनाएँ तथा एक समृद्ध, सशक्त और संस्कारित समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

### महाराज सिंह, राकेश शर्मा के बाद पप्पू सिंह को बनाया गया अजाक थाना प्रभारी

# फुटबॉल बना अजाक थाना प्रभारी का पद, पांच दिन में तीसरी बार बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के पुलिस विभाग में अजाक थाना प्रभारी का पद इन दिनों फुटबॉल बना नजर आ रहा है। जिसके चलते अजाक थाना प्रभारी के पद पर फिलहाल कोई पुलिस अधिकारी नहीं रूक पा रहा है। पिछले पांच दिन में तीन थाना प्रभारियों की बदली इसकी ताजा बानगी है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से तीसरी बार निकली थाना प्रभारियों की ट्रांसफर सूची में टीआई पप्पू सिंह यादव को अजाक थाना प्रभारी बनाया गया है। उनके पहले यहां टीआई महाराज सिंह बघेल और राकेश शर्मा अजाक थाना प्रभारी रह चुके थे। विशेष बात यह है कि ये तीनों बदलाव पांच दिन के भीतर हुए है।

पुलिस सूत्रों की माने तो अजाक थाना प्रभारी के पद को जिले के थाना प्रभारी लूपलाइन वाली कुर्सी समझते है। इसलिए अजाक थाना प्रभारी बनने के लिए कोई भी थाना प्रभारी तैयार नहीं रहता है। बताया जा रहा है कि यदि पुलिस अधीक्षक किसी थाना प्रभारी को अजाक थाना प्रभारी बना भी देते है, तो वे थाना प्रभारी का पदभार संभालने के साथही दूसरे थानों में जाने के लिए जुगाड तुगाड लगाना शुरू कर देते है और जुगाड लगते ही दूसरे थाने में अपना ट्रांसफर करा लेते है। जिसकी जुगाड नहीं लग पाती है,उन्हें अजाक थाना प्रभारी की कुर्सी पर मन मनाकर बैठे रहना पडता है। पिछले काफी दिनों से टीआई महाराज सिंह वघेल अजाक थाना प्रभारी थे। जो मन मारकर अजाक थाना प्रभारी की कुर्सी पर बैठे थे, लेकिन दूसरे थाने में जाने के लिए जुगाड लगा रहे थे। सूत्र बता रहे है कि जैसे ही उनका जुगाड लगा,वैसे ही उनका अजाक थाना प्रभारी से ट्रांसफर हो गया है और अब वे वीरपुर थाना प्रभारी बना दिया गया। टीआई महाराज सिंह वघेल की जगह पर वीरपुर थाने से हटाए गए टीआई राकेश शर्मा को अजाक थाना प्रभारी बना दिया गया। लेकिन टीआई राकेश शर्मा ठीक से अजाक थाना प्रभारी की कुर्सी पर नहीं बैठ पाए कि अजाक थाना प्रभारी पद से उनकी बदली हो गई है और अब टीआई पप्पू सिंह यादव को अजाक थाना प्रभारी बनाया गया है। अब देखने वाली बात यह होगी कि फुटवाली बनी अजाक थाना प्रभारी की कुर्सी पर अब टीआई पप्पू सिंह यादव कब तक बैठ पाते है।




#### ढोढर थाने में पहली बार टीआई की पोस्टिंग

बुधवार को एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल द्वारा जारी की गई तबादला सूची में थाना प्रभारी ढोढर श्यामवीर सिंह तोमर को ढोढर से हटाकर बरगवां थाना प्रभारी बना दिया गया है और उनकी जगह टीआई राकेश शर्मा को ढोढर थाना प्रभारी बनाया गया है। ढोढर थाने के इतिहास में यह पहला अवसर है जब ढोढर थाने में टीआई की पोस्टिंग थाना प्रभारी के रूप में की गई है।

#### राजन सिंह होगे विजयपुर के नए टीआई, भारत सिंह को दूसरी बार सौंपा गसवानी थाने का जिम्मा

एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने पांच दिन के भीतर तीसरी बार निकाली गई थाना प्रभारियों की तबादला लिस्ट में सात थाना प्रभारियों की अदला बदली की गई है। टीआई राजन सिंह गुर्जर को विजयपुर टीआई बनाया गया है। वहीं विजयपुर टीआई भारत सिंह गुर्जर को गसवानी थाना प्रभारी बनाया गया है। हालांकि भारत सिंह गुर्जर पहले भी गसवानी थाना प्रभारी रह चुके है,लेकिन उनके टीआई बनने के बाद यह दूसरा अवसर जब उन्हें गसवानी थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत को महिला थाना प्रभारी बनाया गया है। बरगवां थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह धाकड को ओछापुरा थाना प्रभारी बनाया गया है। जबकि ओछापुरा थाना प्रभारी सुरेश धाकड को कोतवाली थाने में पदस्थ कर दिया गया है। एसआई सुमेर सिंह धाकड को पुलिस लाइन से कोतवाली और एसआई योगेन्द्र नाथ शर्मा को बडौदा थाने में पदस्थ किया गया है।

### किसान नेता हिरनीखेड़ा ने लगाए थे सीसी निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप

# कलेक्टर ने लिया संज्ञान, घटिया निर्माण पर विभाग ने चलाई जेसीबी


किसान नेता ने लगाए मंडी परिसर में सीसी निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

किसान नेता एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव रामलखन हिरनीखेड़ा ने कृषि उपज मंडी जैदा में हो रहे सीसी निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कलेक्टर से जांच करने की मांग की है।

किसान नेता रामलखन हिरनीखेड़ा ने कृषि उपज मंडी परिसर जैदा में चल रहे सीसी निर्माण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए आरोप लगाया है कि मंडी गेट से आगे तक सीसी निर्माण के लिए 30 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। इस्टीमेट के अनुसार सीसी की मोटाई 8 इंच होनी चाहिए लेकिन ठेकेदार 3 इंच मोटाई में ही सीसी बना रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि इस काम को गुणवत्तायुक्त कराने की जिम्मेदारी जिस मंडी प्रशासन पर है वो चुप्पी साधे बैठा हैं। किसान नेता ने आरोप लगाया कि अभी सीसी का निर्माण पूरा भी नहीं हुआ है और सीसी कई जगह से टूटना शुरू हो गई है। उन्होंने कलेक्टर अर्पित वर्मा से इस सीसी का सैंपल कोर कटिंग के माध्यम से कराकर लैबोरेट्री से जांच करने की मांग की है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

किसान नेता एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव रामलखन हिरनीखेड़ा ने कृषि उपज मंडी जैदा में हो रहे जिस सीसी निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण के आरोप लगाए थे उसे अब मंडी प्रशासन ने भी घटिया मानकर दोबारा से बनाने का निर्णय लेते हुए किए गए निर्माण को जेसीबी से उखड़वा दिया। मंडी प्रशासन ने यह कदम कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर उठाया है, कलेक्टर ने इस मामले में मंडी सचिव को गुणवत्तायुक्त कार्य करवाने के निर्देश दिए थे। बता दें कि इस खबर को हरिभूमि ने मंगलवार के अंक में ₹किसान नेता ने लगाए मंडी परिसर में सीसी निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार के आरोप₹ नामक शीर्षक से समाचार प्राथमिकता के साथ प्रकाशित किया था।

किसान नेता रामलखन हिरनीखेड़ा ने कृषि उपज मंडी परिसर जैदा में चल रहे सीसी निर्माण का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए आरोप लगाया था कि मंडी गेट से आगे तक सीसी निर्माण के लिए 30 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। एस्टीमेट के अनुसार सीसी की मोटाई 8 इंच होनी चाहिए लेकिन ठेकेदार 3 इंच मोटाई में ही सीसी बना रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि इस काम को गुणवत्तायुक्त कराने की जिम्मेदारी जिस मंडी प्रशासन पर है वो चुप्पी साधे बैठा हैं। किसान नेता ने आरोप और समाचार हरिभूमि में प्रकाशित होने के बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मंडी सचिव को गुणवत्तायुक्त कार्य करवाने के निर्देश दिए जिसके बाद मंडी सचिव के निर्देश पर ठेकेदार ने ही किए गए काम पर को जेसीबी से उखाड़कर नए सिरे से निर्माण करना शुरू कर दिया है।

### 80 लोगों के परिवार के मुखिया जुगनू कुशवाह को 85 वर्षीय बेटे ने दी मुखाग्नि

# एमपी के सबसे बुजुर्ग मतदाता का निधन,बैंड बाजे से निकाली अंतिम यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मध्यप्रदेश में सबसे अधिक उम्र (118 वर्ष) के मतदाताओं में शामिल जगनू कुशवाहा गोहटा (विजयपुर) का निधन हो गया है। उन्हें बीते विधानसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से बुजुर्ग मतदाता होने के चलते सम्मानित किया गया था। उनकी शव यात्रा परिजनों ने बैंड बाजा और डीजे बजाकर निकाली।

विधानसभा चुनाव के बाद भारत निर्वाचन आयोग ने मध्य प्रदेश के उन बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान किया था जो 100 वर्ष पूरे कर चुके थे और निर्वाचन प्रक्रिया में उन्होंने भागीदारी की थी मध्य प्रदेश के 4168 शतायु मतदाताओं में विजयपुर गोहटा के जुगनू कुशवाहा भी शामिल थे जो मध्य प्रदेश में 10 12 बुजुर्ग मतदाताओं के साथ सबसे अधिक आयु वाले मतदाताओं में शामिल थे। मंगलवार की रात उनका निधन होने के बाद बुधवार को अपने गांव गोहटा के श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान उनकी अंतिम यात्रा डीजे बैंड बाजा से निकाली गई। बेटा बेटी पोता पोती नाती नातिन सहित 80 सदस्यों के भरे पूरे परिवार के मुखिया को मुखाग्नि उनके बड़े बेटे होरीलाल (85 वर्ष) ने दी। परिजनों ने बताया कि उन्होंने अपने अंतिम समय में भी दिनचर्या में उन्होंने कोई बदलाव नहीं किया था नहाने खाना खाने ओर पूजा का उनका समय निर्धारित था। वह अपने परिवार को नसीहत देकर गए थे कि उनकी मौत का मातम ना मनाया जाए शायद इसी सोच और शतायु होने के चलते शवयात्रा बैंड बाजा डीजे से निकाली गई।



# दिनदहाड़े एटीएम से रुपए चोरी करने की कोशिश करते बदमाश को पुलिस ने दबोचा



**दो माह पहले ही जेल से छूटा है आरोपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कोतवाली थाना पुलिस ने एक बदमाश को उस समय सक्रियता दिखाते हुए दबोच लिया,जब वह दिनदहाड़े शहर के बायपास रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम के अंदर एटीएम मशीन से रूपए चोरी करने की कोशिश कर रहा था। बदमाश राजस्थान के कोटा जिले का निवासी है। बदमाश को पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया है।

कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि बुधवार की सुबह मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि शहर के बायपास रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में लगी एटीएम मशीन को काटकर रूपए चुराने की फिराक में है। इस सूचना पर तत्काल कोतवाली थाने से एएसआई बृजराज सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम रवाना की गई। जिसने उक्त बदमाश को एटीएम के अंदर ही एटीएम मशीन से काला टेप लगाकर रूपए चोरी करने की कोशिश करते हुए दबोच लिया। हालांकि बदमाश ने भागने का प्रयास भी किया,मगर एएसआई बृजराज सिंह यादव की सक्रियता के आगे उसका प्रयास असफल हो गया। बदमाश को थाने लाकर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम इमरान 23 वर्ष पुत्र इब्राहिम मुसलमान निवासी अनंतपुरा कोटा राजस्थान बताया है। आरोपी पर सबलगढ के पुलिस थाने में एटीएम मशीन काटकर पैसा निकालने का मामला दर्ज है। इस मामले में वह जेल जा चुका है तथा दो माह पहले ही जेल से छूटकर आया है। इस मामले में कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर के अलावा एएसआई बृजराज सिंह यादव, संजय सिंह यादव, प्रआ अंसार खान, आरक्षक बृजमोहन यादव, रविन्द्र त्यागी, दीपक लौहाटी, बनेश मल्लाह, देवेन्द्र गुर्जर, कमल गुर्जर, करतार गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही है।

### गुप्तेश्वर घाट समारोहपूर्वक हुई सीप महाआरती, उमड़े धर्मप्रेमी

# नदियां केवल जल स्त्रोत नहीं बल्कि जीवनदायिनी माताएं हैं: शशांक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

हिंदू धर्म में नदियाँ केवल जल स्त्रोत नहीं, बल्कि देवियाँ मानी गई हैं। जिस तरह गंगा, यमुना हमारे पूजनीय है वैसे ही यह सीप इत्यादि नदियां भी हमारे लिए जीवनदायिनी माताएं हैं। इनका संरक्षण किया जाए। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने बुधवार को कदवाल गुप्तेश्वर महादेव मंदिर घाट पर मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में पहली बार आयोजित सीप नदी की भव्य महाआरती महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में बडी संख्या में शामिल हुए धर्मप्रेमी लोगो और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान सीप महा आरती कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।



सीप की मुख्य सहयोगी नदी कदवाल गुप्तेश्वर घाट पर गंगा आरती की तर्ज पर आयोजित हुए इस धार्मिक आयोजन में भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने पत्नी संग पहले गुप्तेश्वर महादेव मंदिर स्थित शिवलिंग का श्रृंगार ओर आरती की इसके बाद पूजन उपरांत सीप महा आरती महोत्सव के तहत सीप महा आरती की। इसके पूर्व चुनरी भी चढाई गई। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं का आभार जताते हुए कहा कि नदियां सनातन धर्म में पाप-नाश, शुद्धि और मोक्ष प्रदान करने वाली मानी जाती है। इसलिए इनमें स्नान करना पुण्यदायी होता है; सप्तनदियों (गंगा, यमुना, सिंधु, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी) का जिस तरह विशेष महत्व है उसी तरह हमें हमारी जीवनदायिनी नदियों को पूज्य मानना चाहिए। इसके लिए सिर्फ पूजा से ही संतुष्टि न करें बल्कि इन नदियों के संरक्षण का प्रण भी लें। कार्यक्रम में पहुंचे सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने नदी में दीपदान किया। जिसने अनुपम छटा बिखेरी, गुप्तेश्वर के पास सीप नदी से कदवाल लगी होने के कारण कुछ ही समय में दीप सीप में पहुंचकर तैर कर आगे बहने लगे।

#### सशस्त्र बल वेटरंस दिवस पर पूर्व सैनिकों एवं परिजनों का सम्मान

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा 10वे सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस 14 जनवरी के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से जिले के पूर्व सैनिकों तथा परिजनों को सम्मानित किया गया। सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस के अवसर पर कलेक्टर अर्पित वर्मा ने पूर्व सैनिकों कैप्टन राजेश कुमार सिंह, हवलदार पवन कुमार शर्मा, सूबेदार महेन्द्र सिंह, रायफलमैन कादर अली दाऊदी, नायक मांगीलाल, नायक सूबेदार सुल्लखन सिंह, नायक रामनाथ आर्य, सवार संदीप सिंह राठौर, हवलदार तैयब्ब अली, हवलदार बापू सिंह, हवलदार लोकेन्द्र राठौर, हवलदार सूबेदार सिंह सहित पूर्व सैनिक हवलदार स्व. नंदलाल की पत्नि मांगीबाई को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।



# सेसईपुरा में गूंजा "जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई"

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सेसईपुरा में आयोजित भव्य हिंदू सम्मेलन उत्साह, एकता और सामाजिक समरसता के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन के दौरान पूरा वातावरण जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई" के नारों से गूंज उठा।

हिंदू सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाएँ एवं महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में अपने माथे पर कलश धारण कर अनुशासन एवं भक्तिभाव के साथ सम्मिलित हुईं।

कलश यात्रा के दौरान "जय जय श्री राम" के गगनभेदी जयघोष एवं भक्ति भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा हिंदू समाज की एकता, आस्था और संस्कारों का प्रतीक बनी। इस अवसर पर शिवपुरी से पधारे मुख्य वक्ता पवन शर्मा, प्रबंधक आवासीय विद्यापीठ, शिवपुरी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में पंच परिवर्तन की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के उत्थान एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रत्येक हिंदू को पंच परिवर्तन को अपने जीवन में अपनाना आवश्यक है। उन्होने कहा कि पंच परिवर्तन के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण,कुटुंब प्रबोधन,नागरिक शिष्टाचार,स्व का बोध, तथा सामाजिक समरसता, जैसे विषयों पर कार्य कर ही सशक्त और संगठित समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने जात-पात से ऊपर उठकर समाज को एक सूत्र में बांधने का आह्वान किया। सम्मेलन में संतों के आशीर्वचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं समाज के विभिन्न वर्गों की उल्लेखनीय सहभागिता रही, जिससे यह आयोजन प्रेरणादायी एवं ऐतिहासिक बन गया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ किया गया।




### जिलेभर में आयोजित हुए गरीबों के लिए भंडारे व कपड़े दान

# उल्लास के साथ मना मकर संक्रांति पर्व, पतंग के पेंच लड़ाने के साथ लौटी बचपन की यादें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मकर संक्रांति पर्व बुधवार को शहर समेत जिले भर में सेवा भाव व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खेल उत्सव के रुप में उड़ाई जाने वाली पतंगों के साथ गिल्ली डंडे, कंचा का पुराना खेल को भी लोग खेलते दिखाई दिए। इस दौरान जगह-जगह गरीबों के लिए भंडारों का आयोजन हुआ और जरुरतमंदों को सर्दी बचाने के लिए गर्म वस्त्रों का वितरण भी किया गया।

मकर संक्रांति पर्व का खास उल्लास बच्चों में नजर आया। बच्चों ने बड़ी संख्या में पतंग उड़ाकर पर्व की खुशी मनाई। सुबह से ही बच्चों की भीड़ पतंग की दुकानों पर लग गई। घरों की छतों पर से पतंगे उड़ाने एवं पेंच लड़ाने का सिलसिला दिन भर चलता रहा। बच्चों द्वारा शुरू की गई पतंग बाजी के इस महोत्सव में बड़े भी शामिल होकर बच्चे बने दिखाई दिए। महिलाओं का दिन तिल-चकती बनाने और खिलाने में बीता। इससे पहले स्नान कर सूर्य का अध्र्य दिया गया।



मकर संक्रांति के अवसर पर जगह-जगह भंडारे आयोजित किए गए। इस अवसर पर श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर समिति ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गरीब आदिवासियों के लिए भंडारा आयोजित कर भोजन कराया। भोजन करने पहुंचे गरीबों को आयोजकों की और से गर्म वस्त्र वितरण किए गए। कई मंदिरों पर भी भंडारे व भोजन पैकेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उधर ढेंगदा स्थित आशाराम गौशाला में भी गरीबों के लिए भंडारा आयोजित किया गया। जहां पर ढेंगदा कलारना के आदिवासियों ने पहुंचकर भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों ने भी जमकर पंतग उड़ाई और तिल्ली के लड्डू, गजक आदि एक दूसरे को खिलाकर त्योहार मनाया। शहर में श्रीराम पार्क, एकलव्य वनवासी आश्रम, सलापुरा स्थित सेवा बस्ती, चिंताहरण हनुमान मंदिर, छत्रि गुरूद्वारा व ढेंगदा स्थित छात्रावास में संघ के स्वयंसेवकों ने मकर संक्रांति पर्व मनाया।

#### स्कूली बच्चों की मौज, पहले रुचिकर भोजन फिर खेली क्रिकेट

इस क्रम में सरकारी स्कूलों में भी मकर संक्रांति उल्लास पूर्वक बनाई गई। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में डीईओ एमएल गर्ग के निर्देश पर स्कूलों में बच्चों को मकर संक्रांति पर रुचिकर भोजन के खिलाया गया। समूह द्वारा जो खाना बनाया गया था उसमें तिल का पकवान भी रखा गया इस क्रम में किला रोड स्थित एमएस उर्दू गांधी स्कूल में बच्चों को भोजन के साथ तिल गजक वाले लड्डू भी स्टाफ की ओर से परोसे गए। इसके बाद सभी बच्चों को खिलाने के लिए पास में ही ब्राह्मण समाज मंदिर किला रोड ग्राउंड पर ले जाया गया जहां बच्चों ने क्रिकेट बैडमिंटन फुटबॉल आदि में खुलकर हाथ दिखाएं। विद्यालय के प्रिंसिपल कमलजीत सिंह सिसोदिया ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में उत्साह का संचार होता है और यह जॉय फुल लर्निंग (खेल खेल में शिक्षा) पद्धति में शामिल भी है।

# भगवान श्रीराम के साथ ही मां जानकी के जीवन से सीख लेने की आवश्यकता:हरिओम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ग्राम नागदा स्थित श्री रामजानकी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीरामकथा के पांचवे दिन बुधवार को कथा व्यास आचार्य पं हरिओम शरण शास्त्री ने भगवान श्रीराम के विवाह प्रसंग का मनोहारी वर्णन किया। इस दौरान कलाकारो के द्वारा श्री राम-विवाह की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। कथा व्यास आचार्य पं हरिओम शरण शास्त्री ने कहा कि भगवान श्री राम के आदर्शों के साथ सभी लोगों को माता सीता के व्यक्तित्व से सीख लेने की आवश्यकता है। कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि राजा जनक के दरबार में जब राम-लक्ष्मण दोनों भाई पहुंचे तो मिथिलावासी आश्चर्य चकित हो गए। सीता की सखियां तरह-तरह की बातें कर रही थी। क्योंकि सीता के विवाह के लिए धनुष तोड़ने की शर्त रखी गई थी। बड़े-बड़े योद्धा धनुष को तोड़ने के लिए आए थे, पर धनुष को हिला भी नहीं सके। गुरु से आज्ञा लेकर जब भगवान रामचंद्र जी धनुष के पास गए तो आसानी से उठ गया। धरती माता खुद नीचे हो गई और रामचंद्र जी ने बड़ी ही आसानी से एक ही झटके में धनुष को तोड़ दिया। धनुष टूटते ही सीता सहित पूरे मिथिला वासी प्रफुल्लित हो उठे। हर तरफ जयश्रीराम के जयघोष की गूंज सुनाई पड़ी। पंडाल में उपस्थित श्रोता भी खुशियों से झूम उठे।



## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के अनेक प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रूसल्ला खुर्द निवासी हर्ष रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी तरूण और हल्के पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शंकरपुर निवासी रवि अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अर्जुन और संजय वंशकार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगावार निवासी संध्या आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विजय और संजय आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजपुर निवासी राखी बाई ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति भूरा ओझा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज प्रताड़ना के दो मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले में दहेज प्रताड़ना के दो मामले चन्देरी थाने में दर्ज किए गए हैं। एक पक्ष की ओर से जुगयाना मोहल्ला निवासी निकिता अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर कृष्णगोपाल, रामगोपाल, गणेशराम, हरनामबाई अहिरवार ने दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। इसी प्रकार चन्देरी थाने के ही अंतर्गत भोपाल निवासी मेहविस बानो ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर आरिफ खान, अफरोज खान ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### रेल पटरियों पर युवक का शव मिला

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत माता मंदिर रेलवे ट्रेक कबीरा सड़क के पास किसी अज्ञात पुरूष का शव रेल पटरियों पर पड़ा हुआ पाया गया। जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### जिले में आनंद उत्सव का आयोजन 14 से होगा

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 14 जनवरी से 28 जनवरी 2026 के मध्य आंनद उत्सव 2026 का आयोजन किया गया है। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिले में आनंद उत्सव के आयोजन हेतु गतिविधियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार आयोजन कराये जाने के निर्देश दिए है। आनंद उत्सव हेतु पंजीयन राज्य आनंद संस्थान की वेवसाईट पर किया जाना अनिवार्य है।

### डॉक्टर प्रदीप बुनकर पर मामला दर्ज किया

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत 26 सितम्बर 2025 को 7 वर्षीय बालक विशाल आदिवासी की मौत हो गई थी जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक मनीराम जाटव द्वारा की जा रही थी, उक्त जांच में पाया गया है कि कटरा मोहल्ला शाढ़ौरा निवासी प्रदीप बुनकर द्वारा उक्त बच्चे का इलाज किया जा रहा था व समय पर सही डॉक्टर या सरकारी अस्पताल में इलाज कराए जाने की सलाह न देकर स्वयं के द्वारा इलाज किया व समय पर अच्छे डॉक्टर के पास नहीं भेजा गया। इस लापरवाही के कारण बालक विशाल आदिवासी की मौत हो गई जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### पूर्व सैनिकों को किया जा रहा है परेशान

**अशोकनगर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय गुना परिसर में 14 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से अशोकनगर जिले के भूतपूर्व सैनिक, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों के साथ बैठक का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम जब जिला अशोकनगर बन गया है तब अशोकनगर मुख्यालय पर आयोजन होना चाहिए, जिससे भूतपूर्व सैनिक परेशान न हो।

### कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह पहले दिन कार्यक्रम में हुए शामिल

# गंगा आरती कर 3 दिवसीय ऐरण महोत्सव दीप प्रज्ज्वलन से आरंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा बुधवार से 3 दिवसीय ऐरण महोत्सव का आयोजन प्रारंभ हुआ। जिसका शुभारंभ कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, विधायक निर्मला सप्रे के द्वारा किया गया। महोत्सव का शुभारंभ बीना नदी पर गंगा आरती के साथ शुरू हुआ। जिसमें बाहर से आए कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं भजनों की प्रस्तुति दी गई।

उससे पूर्व दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक स्कूली शिक्षा विभाग के द्वारा स्थानीय स्कूलों के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्थानीय स्कूलों में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के बच्चों के द्वारा भारत ऐसा देश की प्रस्तुति दी। इसके अलावा आज दिन सोने को महाराज की प्रस्तुति दी। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 के बच्चों ने मेरी बहू हिरानी है एवं कालबेलिया राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति दी।



शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक-2 के बच्चों ने खुद जिए सबको जीना सिखाए एवं ठान लिया हमने नृत्य की प्रस्तुति दी। शाउमावि हिनोद के छात्रों ने पन्ना का हीरा पर नृत्य किया। मॉडल स्कूल के बच्चों के द्वारा बरेदी नृत्य और बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा गोमती नंदन पब्लिक स्कूल एवं शासकीय हाई स्कूल बुखारा, शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल आगासौद के बच्चों के द्वारा बधाई नृत्य, राई, लोक नृत्य, लोक गायन की प्रस्तुति दी गई। संचालन शकुंतला जैन ने किया। स्थानीय बच्चों के कार्यक्रम के बाद शाम 6 बजे से गोविंद सिंह यादव एवं साथी गंजबासौदा के द्वारा राई नृत्य, जितेंद्र श्रीवास्तव एवं साथी सागर के द्वारा बधाई नृत्य, दीपशिखा मंच दतिया के द्वारा नाट्य प्रस्तुति हरदौल एवं भजन सम्राट शहनाज अख्तर ने भजनों की प्रस्तुत दी। 15 जनवरी को दशरथ लाल परोची गुना के भजन गायन, नीलम तिवारी व छतरपुर के लोक गायन, नवधा कथकालय भोपाल द्वारा नृत्यनाटिका, परमानंद व सरोज ढिमरयाई नृत्य एवं गायक जित्तू खरे एवं साथी सागर के द्वारा लोक गायन की प्रस्तुति जाएगी।



# 90 लीटर कच्ची शराब के समेत आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा थाना मे पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा अबैध शराब के विरुध्द कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियो को निर्देश दिये गये हैं जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक विनोद सिहं छावई एवं उनकी टीम के द्वारा लगातार मुखबिर मामूर कर दविश देकर कार्यवाही की जा रही है ।

13 जनवरी को थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि इंदर कुमार जाटव निवासी सिरसोना का शराब की दो कट्टी व मोटर साइकिल लिये कहीं जाने के लिए किसी के इंतजार में जुझाई पुल के पास नर्सरी पर खडा है । सूचना की तस्दीक हेतु मुखविर के बताये स्थान पर पहुंचे तो जुझाई पुल नर्सरी के पास एक व्यक्ति मोटर साइकिल लिये व पास में दो कैन रखे खडा मिला जो पुलिस को देख कर भागने का प्रयास करने लगा जिसे पकङ कर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम इंदर कुमार उर्फ इन्द्र पुत्र बारेलाल जाटव उम्र 24 साल निवासी ग्राम सिरसौना मजरा कोंडरपुरा थाना करैरा का होना बताया उसके पास रखी 02 कैनों बारे में पूछा तो दोनों कैनों में हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब भरी होना बताया इंदर कुमार जाटव से उक्त शराब के संबंध में वैध लायसेंस पूछा तो उसने अपने पास लायसेंस नहीं होना बताया तब आरोपी के कब्जे से दो प्लास्टिक की कट्टी जिसमे 90 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जिसकी कीमत 18000 रुपये एवं स्पेलेंडर मोटर साइकिल टढ 33ऊ2413 कीमती 80000 रुपये को विधिवत जप्त किया आरोपी इंदर कुमार उर्फ इन्द्र पुत्र बारेलाल जाटव उम्र 24 साल निवासी ग्राम सिरसौना मजरा कोंडरपुरा थाना करैरा जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुध्द अपराध पंजीबध्द किया । नीले रंग की दो प्लास्टिक की कट्टी में 90 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब कीमती 18000 रुपये । 02. एक स्पेलेंडर बाइक कीमती 80000 रुपये । इस कार्रवाई में सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी करैरा निरी० श्री विनोद छावई, सउनि चरण सिंह, प्र आर0 डैनी कुमार, आर 338 हरेन्द्र गुर्जर, आर 895 राधेश्याम जादौन, आर 835 सुरेन्द्र रावत, आर 1165 मत्स्येन्द्र गुर्जर थाना करैरा जिला शिवपुरी की मुख्य भूमिका रही है।

# अशोकनगर पॉलिटेक्निक कॉलेज में कैंपस सिलेक्शन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासकीय पॉलिटेकनिक महाविद्यालय अशोकनगर में इस बार भी अंतिम वर्ष में पढ़ रहे छात्रों के लिए नेशनल एवं मल्टीनेशनल कंपनियों में बड़े जॉव मिलना आरम्भ हो गए हैं। मल्टीनेशनल कंपनी अदानी ग्रुप लिमिटेड के मालनपुर ग्वालियर प्लांट द्वारा दिनांक 12 जनवरी को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से मैकेनिकल ब्रांच के 09 छात्रों को चयनित किया गया।

इस कैंपस ड्राइव में संस्था के मैकेनिकल ब्रांच के 2026 बैच के छात्रों को कैंपस में साक्षात्कार का मौका मिला। यह प्लांट इजराइल शासन के संयुक्त तत्वावधान से थल सेना के लिए स्माल वेपन्स का निर्माण करती है। इस कैंपस ड्राइव में अशोकनगर कॉलेज के 14 छात्रों सहित राघोगढ़, लटेरी, सिरोंज, राजगढ़, सम्राट अशोक इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी विदिशा के कुल 48 छात्र सम्मिलित हुए थे, चयन प्रक्रिया के दो चक्रों के बाद कुल 9 को चयनित किया गया। उक्त छात्रों को आकर्षक वार्षिक पैकेज के अतिरिक्त हॉस्टल, परिवहन, भोजन, यूनिफार्म इत्यादि समस्त सुविधाएँ कम्पनी द्वारा निशुल्क दी जाएगी। आगामी फरवरी और मार्च माह में



पॉलिटेकनिक महाविद्यालय अशोकनगर में मारुती सुज़ुकी गुजरात और अडेको लिमिटेड गोवा, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स बंगलौर के कैंपस ड्राइव्स होने जा रहे हैं।

इस प्रकार डिप्लोमा पूर्ण होने से पहले ही औसतन प्रत्येक छात्र का चयन 3 अच्छी कम्पनियों में होने की सम्भावना है। कैंपस ड्राइव का संपादन कॉलेज के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी मनीष वैद्य ने किया, जिसमे प्लेसमेंट सेल के सदस्य सचिन शर्मा, आशु गुरहा, अंकुर सोनी, योगेश तिवारी, अंकित साहू ने सहयोग प्रदान किया। प्राचार्य डॉक्टर बीके गुप्ता ने छात्रों को उनके अंतिम वर्ष में ही चयनित होकर नौकरी प्राप्त कर लेने पर छात्रों को बधाई दी साथ ही उन्हें अपने उद्बोधन में बताया कि इंजीनियरिंग डिप्लोमा करने वाले छात्रों के पास अवसरों की कमी नहीं है।



### रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा वृद्धजनों के साथ मनाया मकर संक्रांति का उत्सव

**अशोकनगर।** मानव सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाली समाज सेवी संस्था भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मंगलवार को त्रिलोकपुरी कॉलोनी स्थित वृद्ध आश्रम अपना घर परिवार जाकर वृद्ध जनों के साथ मकर संक्रांति उत्सव मनाया गया। इस दौरान सोसाइटी के सदस्यों ने वृद्ध जनों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े, मिठाई, लड्डू राम धुन के साथ वितरण किए। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ जयमंडल सिंह यादव, सचिव संजय रघुवंशी, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ दीपक मिश्रा, डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी, डॉ राजकुमार शर्मा, देवेंद्र अग्रवाल, अशोक रघुवंशी, विनोद शर्मा, एवं अरविंद भंडारी उपस्थित थे।

# अमृत सेवा सप्ताह के अंतर्गत वृद्धाश्रम अपना घर पहुंचकर मनाया मकर सक्रांति का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष जैन रत्न स्व. प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल की जन्म जयंती के अवसर पर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप शाश्वत अशोकनगर के दंपत्ति सदस्यों ने मंगलवार को स्थानीय वृद्धाश्रम अपना घर पहुंचकर सेवा कार्य किया। साथ ही बुजुर्गो की सेवा कर आत्मीयता का एवं सामाजिक सरोकार का भी संदेश दिया, इसके साथ ही मकर सक्रांति पर्व की खुशियां साझा की।

वृद्धाश्रम अपना घर के संचालक कालीचरण ने सेवा के इस कार्य में सभी सदस्यों की मदद की, ग्रुप के सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया। उन्हें लड्डू व मिठाईयां वितरित की गई, साथ ही भोजन करा कर उनके साथ हर्षोल्लास से मकर सक्रांति पर्व मनाया।



इस दौरान ग्रुप अध्यक्ष राजीव जैन ठेकेदार ने कहा कि इन बुजुर्गो के साथ समय बिताकर और उनके चेहरे पर मुस्कान लाकर हमारे ग्रुप के सभी सदस्यों को आत्मीय सुख की अनुभूति हुई यह सेवा कार्य हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। शाश्वत ग्रुप महिला बिंग की सचिव नेहा जैन एलआईसी ने कहा कि ग्रुप का उद्देश्य केवल यहां आकर पर्व मनाना या भोजन कराना ही नहीं बल्कि वृद्धजनों खासकर बुजुर्ग माताओं के जीवन में खुशियों के क्षणों को जोड़ना है। इस कार्य में उपस्थित दंपत्ति सदस्यों में राजीव मनीषा जैन ठेकेदार, गौरव नेहा जैन, नीरज प्रियंका बंसल, प्रभात कविता जैन एमजीएम, मोनेश सुचिता जैन, नीरज विधि जैन, पवन नीलम जैन, मोनू वर्षा जैन, नीरज नेहा जैन कांसल, महावीर मेघा जैन, मनीष नीतम जैन पी.ओ साथ ही एकल सदस्यों में राकेश जैन, अरविंद जैन पत्रिका, डॉ दीपक जैन,अजयकांत जैन, अतुल बंसल, शैलेश जैन जोली, आदित्य जैन, सुधीर जैन आयरन, सौरभ सिंघई आदि सदस्य उपस्थित रहें।

# अस्पताल कैंपस में नेकी की दीवार का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

सर्दियों के इस कड़क मौसम में गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोग गर्म कपड़ों के अभाव में परेशान न हों, इस उद्देश्य से शहर के युवा समाजसेवियों ने एक सराहनीय पहल की है। श्रीराम जन सेवा संगठन के गठन के साथ ही आज अस्पताल के कैंपस में नेकी की दीवार का शुभारंभ किया गया। इस दीवार के माध्यम से लोग



अपने घरों में पड़े अनुपयोगी लेकिन अच्छी हालत वाले गर्म कपड़े दान कर सकेंगे, जो जरूरतमंदों तक पहुंचाए जाएंगे। संगठन के संयोजक डॉ. नितिन रघुवंशी ने बताया कि कई जैकेट, कम्बल आदि बेकार पड़े रहते हैं और समय के साथ खराब हो जाते हैं। इनका सही उपयोग सही व्यक्ति तक पहुंचे, इसी मकसद से नेकी की दीवार की शुरुआत की गई है। डॉ. रघुवंशी ने कहा, यह सिर्फ कपड़ों का दान नहीं, बल्कि मानवता और संवेदना का एक माध्यम है। हमारा प्रयास है कि सर्दी में कोई भी व्यक्ति ठिठुरता न दिखे। इस पहल में सीएचसी प्रभारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत का विशेष सहयोग मिला है।

### स्मार्ट मीटर और बढते बिजली बिलों के विरोध में कांग्रेस कमेटी शाढौरा ने ज्ञापन सौंपा



**शाढ़ौरा।** मंगलवार को स्मार्ट मीटर और बढते बिजली बिलों के बिरोध में कांग्रेस कमेटी शाढौरा में सभी कांग्रेसजनों ने ब्लॉक अध्यक्ष सोनू रघुवंशी के नेतृत्व में स्मार्ट मीटर के बिरोध में ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया है और कहा है कि यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान हरबीर सिंह रघुवंशी, राजकुमार सिंह मथनेर, रबि मोहने, निखिल रघुवंशी, शिव प्रताप सिंह रघुवंशी, इदरीस पटेल, शिबराज रघुवंशी करखया,युवा नेता अखिलेश रघुवंशी, वरुण परिहार, रानू जैन, अभिजीत रघुवंशी एनएसयूआई जिला अध्यक्ष, अभिषेक रघुवंशी युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, संतोष रघुवंशी,मोहन रघुवंशी, चिमन अहिरवार, सोनू सेजी, आसिफ, राशिद मिर्जा,राजकुमार रजक, हेमंत साहू, सौरव साहू, सुमित रघुवंशी,अंकित साहू, धरमेंदर अहिरवार कुलदीप रघुवंशी छैन्ट ब्लॉक अध्यक्ष,अरपित, गजराज सिंह, प्रकाश वंशकार, चांदू सहित अनेकों कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर बिरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया।

# करंट से मौत को हत्या बताया जांच कर कार्रवाई की मांग



**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 32 किलोमीटर दूर पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम आरोली निवासी सतीश पुत्र शिवराज सिंह यादव उम्र 30 साल की खेत में पानी देते समय तार फैंसिंग में करंट आने से मौत हो गई थी। उक्त घटना को लेकर मृतक के परिवार जन सतीश यादव को अशोकनगर जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाए थे लेकिन यहां भी डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था, जिसका पोस्टमार्टम अशोकनगर में किया गया। उक्त घटना को लेकर मृतक के परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या की गई है जिसे लेकर उन्होंने एसपी से मुलाकात की। घटना के बारे में मृतक के भाई शिवम यादव का कहना है कि मृतक को तार फेंसिंग के तार से खीचा गया उसके पेट पर घाव भी हैं। शिवम यादव ने बताया कि उनकी पिपरई में मुलाकात शिवम पुत्र सुनील जैन निवासी वार्ड नम्बर 6 से हुई थी। शिवम जैन सतीश को कुए से मोटर निकालने के बहाने अपने साथ ले गया था। शिवम खाद लेकर घर वापिस लौट आया था। कुछ देर बताया गया कि सतीश को बिजली का करंट लग गया है, जब परिजन पिपरई के सरकारी अस्पताल पहुंचे तब वह मृत अवस्था में था, और उसके जूते,कपड़े और मोबाइल गायब थे। परिवारजनों का कहना है कि उक्त मामले में कार्यवाही की जाए इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर जांच की मांग की गई है।

# स्थानातंरण पर विदाई समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में शैलेन्द्र शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चंदेरी, का पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश द्वारा जारी आदेश के अनुक्रम में स्थानांतरण अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), घाटीगांव, जिला के पद पर होने के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में जिले एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा शैलेन्द्र शर्मा को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह उपहार स्वरूप भेंट किया गया। साथ ही उनके द्वारा अनुविभाग



चंदेरी में एसडीओपी पद पर रहते हुए किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए नवीन पदस्थापना पर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु शुभकामनाएं दी गई तथा उनके उज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। शैलेन्द्र शर्मा एसडीओपी चंदेरी के पद पर 14.08.2023 से पदस्थ रहकर अपने कार्यकाल के दौरान शैलेन्द्र शर्मा द्वारा अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा, कर्तव्यपरायणता एवं दक्षता के साथ निर्वहन किया गया। उनके कार्यकाल में अनुविभाग चंदेरी में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रही तथा अपराध नियंत्रण एवं जनहित से संबंधित कार्य प्रभावी रूप से संपादित किए गए। अपने कार्यकाल के दौरान शैलेन्द्र शर्मा द्वारा कई महत्वपूर्ण दायित्वों का सफल निर्वहन किया गया, जिनमें विशेष रूप से थाना ईसागढ़ अंतर्गत आनंदपुर ट्रस्ट में प्रधानमंत्री के भ्रमण के दौरान व्हीआईपी ड्यूटी में उत्कृष्ट कार्य एवं अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में किए गए प्रयास उल्लेखनीय रहे। उक्त कार्यक्रम में जिले भर के पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

# हर कार्य की सिद्धि के लिए नियम संयम से चलना होगाः मुनिश्री



**अशोकनगर।** हर कार्य की सिद्धि के लिए कार्य की उपलब्धि के लिए नियम संयम बहुत जरूरी है इस संसारी प्राणी को उलझनें भी अच्छी लगने लगती हैं उलझनो में भी वह आनंद मानने लगता है जव आपको उलझन ही अच्छी लग रही है तो आप उनसे कैसे छुटकारा पा सकते हैं छुटकारा पाने के लिए तो पुरुषार्थ करना जरूरी है। यह बात मुनिश्री मेघदत्तसागर जी महाराज ने कही उन्होंने कहा कि नियम का पालन करके मजबूत बनता है हमें मजबूर नहीं होना है नियम तो गन्ना की तरह है उसको कैसे भी आप तोड़ो मरोड़ो काटो पीटो तो भी वह रस ही देगा रस भी कड़वा नहीं मीठा ही निकलता है इसलिए हमें गन्ना की तरह वनना है। त्रिकाल चैबीस में होगी कल धर्म सभा के साथ आहार चर्या में मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने वर्षो पूर्व त्रिकाल चौबीस की स्थापना कराकर इसे तीर्थ का दर्जा दिलाया। शान्ति नाथ त्रिकाल चौबीस जिनालय की वंदना करने परम पूज्य मुनिश्री मेघ दत्त सागर मुनिश्री वृषभ दत्त सागर जी के जायेंगे त्रिकाल चैबीस जिनालय में मंगल प्रवचन होंगे साथ ही आहार चर्या भी होगी दोपहर की कक्षा एवं जिज्ञासा समाधान का कार्य क्रम श्री अधिश्वरधाम सुभाष गंज मन्दिर में ही होगा।